**खबर संक्षेप**

### शिवकुमार गुर्जर का हुआ विदाई समारोह

**सौंसर।** वनमंडल पांढुर्णा सामान्य, उपवनमंडल सौंसर द्वारा शिवकुमार गुर्जर, परिक्षेत्र अधिकारी अम्बाड़ा का विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा श्री गुर्जर का पुष्पमाला से स्वागत सत्कार उपहार देकर विदाई की गई है।वन विभाग उपवनमंडल सौंसर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अम्बाड़ा (सामान्य) में पदस्थ शिवकुमार गुर्जर, परिक्षेत्र अधिकारी अम्बाड़ा का स्थानांतरण हुआ है। उपवनमंडल कार्यालय सौंसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रमोद चोपड़े, अपर वनमंडलाधिकारी सौंसर (सा.) ने कहा कि रेंजर शिवकुमार गुर्जर अत्यंत मिलनसार व व्यवहारकुशल अधिकारी है इनके द्वारा अनुशासन में रहकर शासकीय कार्यों का अच्छे से निर्वहन किया जाता है। इस अवसर पर शिवशंकर चतुर्वेदी, प.अ. सौंसर (सा.) प्रभुराम मुछाला, प.अ. पांढुर्णा, श्री नीरज परिहार प.अ. कन्हान (उत्पादन) द्वारा उनकी तत्परता व हर समय सहयोग हेतु तैयार रहने की प्रशंसा की एवं उपवनमंडल कार्यालय सौंसर, परिक्षेत्र सौंसर, कन्हान, अम्बाड़ा, पांढुर्णा परिक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### लॉ कॉलेज में रोपे पौधें, सुरक्षा का लिया संकल्प



**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में इन दिनों अंकुर पखवाड़ा चलाया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक राकेश कुमार कोष्टी ने बताया की प्राचार्य डॉ बीके अकोदिया के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में प्रतिदिन विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ कर्मियों के द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। इस श्रृंखला में मंगलवार को तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा छायादार एवं फलदार पौधें रोपित किए गए। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ कमलाकर मोटघरे, डॉ दम्यंती कटरे, डॉ स्नेहा कुमारी, तरूण यादव, कीर्ति कोबरे, ज्योति बोक्सर, अशोक यादव, दिनेश मूल, छात्र उमेश साहू, अंकित चौरे आदि उपस्थित थे। रोपित पौधें को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

**सचिव की लापरवाही का खामियाजा टैक्स के बाद भी उठा रहे व्यापारी**

# साप्ताहिक बाजार में कीचड़ से निजात पाने दुकानदारों को बिछानी पड़ रही मुरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया, बाबा ठाकुर



जनपद पंचायत तामिया मुख्यालय की ही ग्राम पंचायत में प्रति शुक्रवार साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसका पंचायत द्वारा ठेका 10 लाख से अधिक राशि में नीलम किया जाता है। ठेका राशि मैं सचिव सरपंच की साठ गांठ से राशि में हेरा फेरी की जाती है। जबकि राशि बाजार में दुकानदार एवं आने वालों की सुख सुविधा पर खर्च की जानी चाहिए लेकिन इन दिनों साप्ताहिक बाजार पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गया है। यहां पर बाजार के दिन दुकानदार अपनी दुकान तो लगा लेते हैं, लेकिन लोग खरीदी करने में कीचड़ की वजह से अंदर तक बहुत कम पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में उनका व्यापार ठीक तरीके से पंचायत सचिव की लापरवाही से नहीं हो पाता है। दुकानदारों ने बतलाया कि ठेकेदार दुकान लगाने वालों से मनमानी राशि टैक्स के नाम पर लेते है।

बावजूद पंचायत की तरफ से वर्षा काल को देखते हुए बाजार परिसर में मुरम तक नहीं डलवाई गई है जिससे बाजार आने जाने वाले लोगों को कीचड़ से होकर दुकान तक पहुंचना पड़ रहा है। बताया जाता है कि कई लोग कीचड़ की वजह से पूरा बाजार घूम नहीं पाते और बिना सामान खरीदे बैरंग लौट जाते है, दुकानदारों ने पंचायत से सुविधा की मांग की लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। पंचायत की लापरवाही के चलते दुकानदारों को निजी राशि से मुरम डलवा कर दुकान लगाने योग्य बैठक बनाई है।

इस तरह ग्राम पंचायत सचिव की मनमानी का नतीजा दुकानदारों को टैक्स देने के बाद भी परेशानी के साथ भुगतना पड़ रहा है। दूसरा पहलू है कि पंचायत सचिव जो पंचायत अधिनियम से अपने आप को ऊपर मानकर ग्राम पंचायत का संचालन मन माने तरीके से कर रहे हैं। आखिर इनका रसूख अधिकारियों को कब तक इनसे छोटा बनाए रखेगा, यह बड़ा सवाल अब तामिया के जनमानस में तैर रहा है।

**सांई मंदिर में भी होंगे आयोजन**

## श्री दादाजी धाम चारफाटक में धूमधाम से मनाया जाएगा गुरू पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

श्री दादाजी धूनी वाले सेवा समिति चारफाटक छिंदवाड़ा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री दादाजी दरवार चारफाटक में गुरू पूर्णिमा का पर्व पूर्ण श्रद्धाभाव एवं धूमधाम से मनाया जाएगा । दिनांक 10 जुलाई, दिन गुरुवार प्रातः 6.30 बजे श्री दादाजी महाराज का अभिषेक पूजन, प्रातः 8 बजे श्री दादाजी महाराज जी की प्रातः कालीन आरती, सायं 7.30 बजे दादाजी महाराज जी की महा आरती संपन्न होगी । प्रातः कालीन आरती के पश्चात से महाप्रसादी का वितरण देर रात तक श्री दादाजी महाराज की इच्छा तक जारी रहेगा । श्री दादाजी धूनी वाले सेवा समिति के सभी सेवादारों ने समस्त दादा भक्तों से इस पुनीत कार्य में तन-मन-धन से सहयोग की अपेक्षा के साथ अधिक से अधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपील की है ।

### शिर्डी सांई मंदिर में भव्य एवं दिव्य आयोजन

**छिंदवाड़ा।** सच्चिदानंद सेवा समिति विवेकानंद कालोनी श्री शिर्डी सांई मंदिर द्वारा गुरूपूर्णिमा के पावन पर्व पर विभिन्न अनुष्ठान एवं कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किया गया है। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि, 10 जुलाई दिन गुरुवार को शिर्डी सांई मंदिर विवेकानंद कालोनी में प्रातः 5.30 बजे काकड आरती, प्रातः 6.30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार से बाबा का अभिषेक प्रकाश सांइखेडकर एवं श्रुति सांइखेडकर के शुभहस्ते संपन्न होगा। दोपहर 12.00 बजे मध्यान्ह आरती के उपरांत गुरूपूर्णिमा के पावन पर्व पर मंदिर में संपूर्ण दिवस प्रसाद वितरण किया जायेगा। शाम 7.00 बजे धूप आरती तथा नाम स्मरण एवं विविध आयोजन संपन्न होंगे। रात्रि 10.00 बजे शेज आरती के साथ गुरुपूर्णिमा का पर्व पूर्णतः को प्राप्त होगा । सच्चिदानंद सेवा समिति के एस.वी. पुराणिक, जयन्त बक्षी, अवधूत मोहगावकर , देवराव उपासे ,वीरेन्द्र तिवारी, नौखेलाल चौरासिया, मनोज वाघमारे, नीरज डोले, शिव माटे , धर्मेन्द्र भार्गव, वीरेन्द्र अलदक ,व्ही एस. राजपूत,बी. आर.झरबड़े ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## कलेक्टर ने सुनी 85 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 85 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम रावनवाड़ाखास के श्री लालदास पाल ने विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध्दघुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र बनवाने, चौरई के वार्ड नंबर-11 के श्री मदनलाल अहरवार ने आवेदक के निजी स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि से अनावेदकगण का अवैध कब्जा हटाने, ग्राम अर्जुनवाड़ी की श्रीमती गरीबा सांगोले ने घर में लगी आग व कृषि सामान के जलने का मुआवजा दिलाने, अमरवाड़ा के ग्राम बन्धानी के श्री घनश्याम ने वनभूमि का पट्टा दिलाने आदि आवेदनों में जनसुनवाई हुई।

### उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर संपन्न

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 174 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 174 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता श्री खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 96, बिल संबंधी 29, बंद/खराब मीटर संबंधी 32, नवीन कनेक्शन संबंधी 05 और अन्य प्रकार की 12 शिकायतें प्राप्त हुई।

## जिले में अभी तक 371.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 371.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 258.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 08 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 71.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 08 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 47.8, मोहखेड़ में 55.3, तामिया में 90, अमरवाड़ा में 94.2, चौरई में 81.4, हर्रई में 140, बिछुआ में 64, परासिया में 54.1, जुन्नारदेव में 45.2, चांद में 61 और उमरेठ में 58.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 305.2, मोहखेड़ 349.2, तामिया में 382, अमरवाड़ा में 465.2, चौरई में 283.6, हर्रई में 584.8, बिछुआ में 240.4, परासिया में 291.2, जुन्नारदेव में 407.4, चांद में 314.1 और उमरेठ में 475.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।



### जिला रिसोर्स पर्सन के लिए आवेदन आमंत्रित 15 जुलाई तक

**छिन्दवाड़ा।** उप संचालक उद्यान छिन्दवाड़ा ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने वाले किसान/उद्यमि को सुविधा दिये जाने के लिये खाद्य इंजीनियरिंग में डिग्री/डिप्लोमा धारी, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो को प्रोद्योगिकी उन्नयन या खाद्य सुरक्षा प्रबंधन के कार्य में परामर्शी सेवाए प्रदान करने का अनुभव अथवा कृषि/उद्यानिकी विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी जिनके पास उपाधि प्राप्त हों या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग बैंकिंग या डीपीआर करने और ट्रेनिंग मे अनुभव रखने वाले इच्छुक व्यक्ति पात्र होंगे। इस कार्य के लिए प्रति प्रकरण राशि 20000 रूपये का मानदेय दो किश्तों मे देय होगा।

## दादा भक्तों के साथ दादाजी दरबार में टेका माथा

**13 दिवसीय पदयात्रा के अंतिम दिन परिवार सहित दादाजी दरबार खंडवा में पहुंचकर की सुख-समृद्धि की कामना**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने 13 दिवसीय 411 किलोमीटर की पदयात्रा को पूरी करते हुए मंगलवार को दादाजी धुनीवाले दरबार खंडवा में अपने दादा भक्त पदयात्रियों के साथ निशान अर्पित करते हुए माथा टेका और अपने परिवार में श्रीमती शालिनी साहू, वंश कृष्णा साहू सहित दादाजी धुनीवाले से अर्जी लगाते हुए जिलेवासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों के खंडवा पहुंचने पर खंडवा के कई सामाजिक और राजनितिक संगठनों ने सांसद बंटी विवेक साहू सहित सभी दादा भक्त पदयात्रियों सम्मान व स्वागत किया। पदयात्रा के अंतिम दिन पदयात्रा में खंडवा और छिन्दवाड़ा के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रमुखजन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सांसद श्री साहू और दादा भक्त पदयात्रियों ने मंगलवार की सुबह 5 बजे अमलपुरा से अपनी अंतिम दिन की पदयात्रा शुरू की। अंतिम दिन की पदयात्रा में प्रमुख रूप से आध्यात्मिक गुरु विवेक जी ,खंडवा महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, खंडवा भाजपा ज़िलाध्यक्ष राज्यपाल तोमर ,खंडवा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा, खंडवा की पटेल सेवा समिति अध्यक्ष मदन भाउ ठाकरे, छिन्दवाड़ा बड़ी माता ट्रस्ट से मुकुल सोनी, छिन्दवाड़ा व्यापारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक संजय जैन, वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज सहित अन्य प्रमुखजन शामिल थे।

## अरिहंत एकेडमी में हुआ पौधारोपण

**अतुल फाउंडेशन के सहयोग से रोपे गए 200 पौधे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता का बीज अगर बचपन से ही बोया जाए तो निश्चित रूप से पौधारोपण की आदतें और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनाएं हमेशा बनी रहती है। पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा करना हम सबका धर्म है और इसी धर्म को ईमानदारी से निभाते हुए अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी के बच्चों ने विद्यालय परिसर में 200 पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के साथ उनकी रक्षा,सुरक्षा और समय समय पर खाद, पानी देने का भी संकल्प लिया ताकि पौधे वृक्ष के रूप में आकार ले सके। उनके इस पुनीत कार्य की प्रेरणा बने उनके शिक्षक, स्कूल के प्राचार्य रविशंकर माथुर।

जिनके सहयोग से इस कार्यक्रम को विशाल रूप प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई।

विशेष रूप से अतुल फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम विधिवत संपन्न किया गया। पौधारोपण के प्रति समर्पण की भावना के साथ 200 पौधों का रोपण चंद वर्षों में ही वृक्षों का आकार ले सकेगा। बच्चों और शिक्षकों दोनों के लिए ही यह क्षण आत्म संतुष्टि और पर्यावरण प्रेम का अच्छा उदाहरण बन गया।

## श्री बड़ी माता मंदिर नवनिर्माण हेतु सोनी परिवार का प्रेरणास्पद सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के हृदय स्थल, नगर शक्तिपीठ श्री बड़ी माता मंदिर के नवनिर्माण कार्य में सोनी कंप्यूटर परिवार द्वारा एक अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक योगदान दिया गया। सोमवार रात्रि 8 बजे मंदिर में सामूहिक आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्री मनोज सोनी जी के सुपुत्र श्री आयुष सोनी , पुत्रवधु सु अनुभूति (खुशी) सोनी के विवाह उपरांत सम्पूर्ण परिवार ने माता रानी के समक्ष आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शुभ अवसर पर, विवाह समारोह में प्राप्त नगद व्यवहार राशि 1,33,985 मंदिर नवनिर्माण हेतु समर्पित की गई। यह कार्य समाज में एक सकारात्मक संदेश देता है कि धार्मिक और सामाजिक कार्यों में परिवारजन भी व्यक्तिगत पर्वों को दान-पुण्य से जोड़ सकते हैं। मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से इस पुण्य कार्य के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। आरती एवं दान कार्यक्रम में सोनी कंप्यूटर परिवार के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

**इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख सदस्यः** पं. रामलाल तिवारी, सचिव राजू चरणागर, कोषाध्यक्ष अखिलेश भारद्वाज, संरक्षक अरविंद राजपूत, श्री राकेश चौरसिया, भोला सोनी, शेखर शर्मा, अभिषेक गोयल, मनोज सेठिया, ट्विंकल चरणागर, अंशुल जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**2 वर्षों में पूर्ण होगा मंदिर नवनिर्माण कार्यः** ट्रस्ट द्वारा मंदिर के निर्माण कार्य को आगामी 2 वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए छिंदवाड़ा जिले के सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की गई है। ट्रस्ट ने आग्रह किया है कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, संतान जन्म, या मनोकामना पूर्ति जैसे शुभ अवसरों पर श्रद्धालु मंदिर निर्माण हेतु यथासंभव दान देकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

**गुरुपूर्णिमा उत्सव को लेकर हनुमान लोक में हुई बैठक**

# गुरुपूर्णिमा उत्सवः कलेक्टर ने किया हनुमान लोक का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जाम सांवली में आगामी गुरुपूर्णिमा उत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को संस्थान कार्यालय में एक बैठक संपन्न हुई। गुरुपूर्णिमा पर्व जामसावली में लाखों की तादाद में हनुमान भक्त पहुंचते हैं।इस वर्ष गुरुपूर्णिमा उत्सव के दौरान जामसांवली धाम हनुमान लोक में लगभग 75 हजार से 1 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की सुविधा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, ट्रस्ट ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है।इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,कलेक्टर अजय देव शर्मा,पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा सौसर एसडीएम प्रशासक न्यास सिद्धार्थ पटेल, आदि चमत्कारिक हनुमान मंदिर जामसावली परिसर का निरीक्षण एवं व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया है। चर्चा के दौरान संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे व्यवस्थाओं में सहयोग करें, शांति और अनुशासन बनाए रखें,और गुरुपूर्णिमा के इस पवित्र पर्व को भक्तिमय तथा सुचारु वातावरण में संपन्न कराने में अपना अमूल्य योगदान दें।

### बैठक में व्यापक व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

बैठक में गुरु पूर्णिमा पर्व पर जाम सांवली मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। ट्रस्ट के पदाधिकारियों सदस्यों ने दर्शन कतार प्रबंधन, गर्भगृह व्यवस्था, श्री मूर्ति पूजा की सुचारु प्रक्रिया, संपूर्ण परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल आपूर्ति और व्यवस्थित पार्किंग सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। इन सभी जिम्मेदारियों को ट्रस्टियों के बीच प्रभावी ढंग से वितरित किया गया है।

### ये रहे बेठक में प्रमुखता से उपस्थित

इस बैठक में संस्थान के संरक्षक दादाराव बोबडे,मंदिर अध्यक्ष गोपाल शर्मा,उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर, एड. एम.एन. खंडाईत, संजू डवरे, मनोहर शेलकी, शिशिर खंडार,एड अजय धवले,पांडुरंग बोबडे, नितिन मोहगावकर, वसंतराव येलमुले, वसंतराव शेलकी, मोहन ताजने, नीलेश जुननकर, भीमराव वाकोडे, सुशील माहेश्वरी, भास्कर गुढ़धे, राजू बविस्टाले, महादेव मते, भगवंता कारोकर आदि ट्रस्टीगण उपस्थित थे।

### 11 के.व्ही. घरेलू फीडर की सप्लाई कराई चालू

**छिन्दवाड़ा।** कार्यपालन अभियंता पूर्व संभाग छिन्दवाड़ा संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले में चल रही निरंतर बारिश के चलते 11 के.व्ही. जाम घरेलू फीडर ग्राम सिमरिया विद्युत वितरण केन्द्र उमरानाला में भारी बारिश के चलते 11 के.व्ही. का पोल गिर गया था, जिसे विद्युत विभाग की टीम ने भारी बारिश में भीगते एवं कड़ी मशक्कत से 02 घंटे के भीतर तत्काल सुधार कार्य किया, जिससे 11 के.व्ही. जाम घरेलू फीडर की सप्लाई चालू की गई। संबंधित फीडर के सभी ग्रामों में विद्युत प्रवाह चालू किया गया । इस प्रकार पूर्व संभाग छिन्दवाडा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सतत एवं निर्बाध विद्युत प्रदाय करने के लिये विद्युत कार्मिक लगातार प्रयास कर रहे हैं ।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A. MCU
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
M.Sc. CS MCU
DCA/PGDCA
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

### अब हड़ताल पर बैठेंगे फरियादी

# जिनके साये में जारी अनियमितता, उनको ही सौंप दी जाँच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



अजब तेरी कुदरत, गजब तेरा खेल ₹ यह एक कहावत है, इसका उपयोग कोई व्यक्ति अक्सर तब करता जब उसके संज्ञान में ऐसी कोई बात या घटना आती है, जिसे सुनकर, देखकर, या जानकर वह भौचक्का रह जाता है। आपको भी ऐसा ही लगेगा, जब आप यह जानोगे, कि अनियमितता की जाँच उसे करना है, जिसके रहते अनियमिततायें बरती गई।मामला सिविल अस्पताल परासिया से जुड़ा हुआ है। जहां व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर चांदामेटा नगर विकास समिति के लोगों द्वारा बीते कई महीनों से लगातार कलेक्टर और जिला चिकित्सा अधिकारी को शिकायत की जा रही है। इस मामले में कलेक्टर ने परासिया एस डी एम को जांच करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एस डी एम ने जांच का जिम्मा परासिया प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी को सौंपा और एक सैप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। जिनके खिलाफ शिकायत है, वे बी एम ओ के अधीन ही है, वहीं खुद बी एम ओ के खिलाफ भी शिकायत है, ऐसे में जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठना ही है। इस मामले में अब नगर विकास समित से जुड़े और शिकायतकर्ता क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने की तैयारी कर रहे हैं।सिविल अस्पताल परासिया में व्याप्त भ्रष्टाचार, अमानवीय व्यवहार और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर नगर विकास समिति चांदामेटा ने गहरी नाराजगी जताई है। समिति ने चेतावनी दी है, कि यदि 11 जुलाई 2025 तक दोषियों पर कार्यवाही और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे सिविल अस्पताल परासिया के समक्ष क्रमिक भूख हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।

समिति ने कलेक्टर छिंदवाड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए बताया, कि पूर्व में की गई शिकायतों और मांगों के बावजूद आज दिनांक तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। खासतौर पर खंड चिकित्सा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगने के बावजूद उन्हें जांच प्रक्रिया से अलग नहीं किया गया, जिससे निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## नगर विकास समिति की ये हैं प्रमुख आरोप और मांगे

अस्पताल के प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी पर स्टाफ और आशा कार्यकर्ताओं के साथ अमर्यादित भाषा और दबावपूर्ण व्यवहार का आरोप है।108 ड्राइवर व आशा कार्यकर्ता पर दबाव :-उन्हें बिना पर्याप्त संसाधन के जबरन गर्भवती महिलाओं को लाने के लिए बाध्य किया जा रहा है।

### नसबंदी शिविर की बहाली

पूर्व में चांदामेटा में संचालित नसबंदी शिविर को पुनः बहाल करने की मांग की गई है, ताकि ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर सेवाएं मिल सकें।

### डॉ. स्मृति चौरसिया की उपस्थिति की जांच

आयुष विभाग की डॉक्टर की नियमित अनुपस्थिति की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। आउटसोर्स कर्मचारियों का मानसिक उत्पीड़न :-सफाई कर्मचारियों को बार - बार एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर प्रताड़ित किया जा रहा है।

### अनुपस्थिति के बावजूद उपस्थिति दर्ज

कर्मचारी शबनम खातून पर आरोप है कि वे नाइट ड्यूटी में अनुपस्थित रहती हैं, इसके बावजूद उनकी हाजिरी दर्ज की जाती है।

### एनआरसी Newborn Care Unit की पुन : स्थापना

चांदामेटा अस्पताल में पहले मौजूद नवजात गहन चिकित्सा इकाई को पुनः शुरू किए जाने की मांग की गई है।मशीनें बंद, मरीज परेशान :- अस्पताल में पिछले एक वर्ष से एक्स-रे, सोनोग्राफी और ईसीजी जैसी महंगी मशीनें बंद पड़ी हैं।

### मशीनें बंद, मरीज परेशान

अस्पताल में पिछले एक वर्ष से एक्स-रे, सोनोग्राफी और ईसीजी जैसी महंगी मशीनें बंद पड़ी हैं। कारण – तीन फेस विद्युत कनेक्शन का अभाव। इससे मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जो आर्थिक रूप से बोझिल है।

### स्वतंत्र जांच समिति की मांग

सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच हेतु एक स्वतंत्र जिला स्तरीय समिति गठित की जाए, जो जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाही सुनिश्चित करे। नगर विकास समिति के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो 11 जुलाई से शुरू होने वाली भूख हड़ताल के कारण उत्पन्न किसी भी स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन - प्रशासन की होगी।

# जर्जर भवन में संचालित हो रहा डाकघर

### स्लैब से टपकते पानी के बीच करना पड़ रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




न्यूटन का डाकघर जर्ज़र भवन में संचालित हो रहा है। डाकघर अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को स्लैब से टपकते पानी के बीच काम करना मज़बूरी बना हुआ है। अपने विभिन्न कार्यों को लेकर आने वाले लोग भी डाकघर की दशा देख अवाक रह जाते हैं।लगभग 50 वर्ष पूर्व से वेकोली कामगारों को डाक सुविधा देने के लिए वेकोली भवन में ही खोला गया ये डाकघर अब बदहाली की कगार पर है। डाकघर भवन की बाहर से दिखने वाली दशा अंदर से बेहद ख़राब है। अंदर की दीवारें गिर रही है। हर जगह पानी टपक रहा है। डाकघर और लोगों के महत्वपूर्ण कागजों को गीला होने से बचाने के लिए कर्मचारियों को काफ़ी जुगत लगानी पड़ती है। तेज बारिश के दौरान ऑफिस के अंदर भी छाता लगाकर काम करने की नौबत भी बन जाती है। न्यूटन में वेकोली प्रबंधन का अब कोई सरोकार नहीं बचा, इसलिए भवन की मरम्मत के लिए वेकोली से कोई आस नहीं बची। अन्य भवन का कोई विकल्प नहीं होने के चलते इन्हीं परिस्थितियों के बीच काम करना मजबूरी बना हुआ है।

**इनका कहना है**

डाकघर भवन की हालत के सम्बन्ध में विभाग के उच्चाधिकारीयों को कई बार अवगत कराया गया है। जिसे संज्ञान में लेते हुए विभाग की ओर से अन्यत्र नया भवन किराये पर लेने की स्वीकृति मिल चुकी है। उचित भवन की तलाश जारी है। एक माह के अंदर तामिया मुख्य मार्ग पर पोस्ट ऑफिस शिफ्ट हो जायेगा।

रोहित खेलवारी, (पोस्ट मास्टर)

# विठ्ठल मंदिर से हुआ पंढरपुर के लिए भक्तों का दल रवाना

**सौंसर।** नगर विठ्ठल मंदीर सौसर से आषाढ़ी पूर्णिमा क्या अवसर पर श्रद्धालुओं का एक दल पंढरपुर के लिए रवाना हुआ। विठ्ठल मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष सोनबा झाडे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया आषाढी पर्व के अवसर पर सौसर विठ्ठल मंदिर से 70 भाविक एवं वारीकरीयो का सयुक्त दल पंढरपूर विठ्ठल माऊली के दर्शनार्य सुबह यात्रा के लिए रवाना हुआ है, दल के सभी सदस्यों का विठ्ठल मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से स्वागत सत्कार करते हुए मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी गई, इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ परिवार के सदस्यों के द्वारा उपस्थित होकर महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। पंढरपुर के लिए रवाना हुए सभी भक्तों का विठ्ठल मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष सोनबा झाड़े एवं समाज बंधुओ के द्वारा पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया गया।

# बाल संरक्षण व कानून पर दिया गया जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**छिंदवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग छिंदवाड़ा द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश शिवहरे के निर्देशन में एवं सहायक संचालक हेमंत छेकर के मार्गदर्शन में ब्लॉक नोडल अधिकारियों बाल संरक्षण समिति को बाल संरक्षण पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन तहसील सभागार छिंदवाड़ा में किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास से मान. जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश सिंह, सहायक संचालक डॉ. हेमंत छेकर, बाल संरक्षण अधिकारी छिंदवाड़ा चन्द्रशेखर नागेश और अंजना पवार, जिला छिंदवाड़ा के समस्त ब्लॉक बाल संरक्षण समितियों के सचिव व नोडल अधिकारी समस्त परियोजना अधिकारी एवं समस्त पर्यवेक्षक उक्त प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

# सिंगोड़ी में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



ग्राम सिंगोड़ी में कई दिनो से ग्रामीणजन बार बार बिजली गुल फ्यूज और तार टूटने चिंगारी निकलने सहित विद्युत वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे थे जिसका समाधान बिजली अधिकारियों ने कर दिया है दिनांक 7 जुलाई 2025 को दोपहर में अचानक भारी बारिश के चलते सिंगोड़ी ग्राम के जैन मोहल्ला का 200 के वी का ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गया था जिसकी सूचना संबंधित क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता कृतार्थ श्रीवास्तव द्वारा अमरवाड़ा संभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश बेलवंशी एवं सहायक अभियंता नीतीश प्रजापति को दी गई। बिजली समस्या को देखते हुए मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल ही 200 के बी के ट्रांसफार्मर की व्यवस्था बनाई गई एवं नया ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करके सिंगोड़ी भिजवाया गया जिसको संबंधित क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता एवं बिजली विभाग के स्टाफ द्वारा हर संभव संसाधन का उपयोग करते हुए तत्काल ट्रांसफार्मर बदला गया एवं क्षेत्र की सप्लाई को पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया जिससे प्रभावित लगभग 200 से भी अधिक उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली। वही ग्रामीणों ने बिजली विभाग को धन्यवाद प्रेषित कर समय पर विद्युत व्यवस्था को सही करने को लेकर आभार भी व्यक्त किया है।

# बालाघाट से बैहर मार्ग पर उदघाटी के पास पेड़ गिरने से घंटो रहा रास्ता बंद



हरिभूमि न्यूज उकवा।

बैहर से बालाघाट मार्ग पर रात्रि में अचानक बहुत बड़ा पेड़ गिर जाने के कारण उदघाटी मजार के जस्ट सामने घंटो रहा बाधित। जिसमें राहगीरों का आना-जाना थम गया था मीडिया ने स्वयं जाकर देखा तो वहां दोनों और गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई थी किंतु शासन प्रशासन के ओर से कोई वहां पर व्यवस्था नहीं की गई थी पत्रकारों ने बाधित स्थान में जाकर वहां का जायज लिया एवं इसकी जानकारी शासन प्रशासन एवं लोगों तक पहुंचाई जिसके चलते लगभग 3 घंटे में ही पेड़ को हटाकर रास्ता साफ कर दिया गया जिससे वाहन चालकों चैन की सांस ली बालाघाट से बैहर की ओर जाने वाला मार्ग लगभग 11:00 तक पूरी तरह से आवागमन शुरू कर दिया गया जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों को ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा।

### सभी प्रकार के उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई

# कृषि विभाग के सहायक प्रबंधक एवं खाद्य प्रभारी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



7 जुलाई को अनुविभागीय विभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग लांजी की अध्यक्षता में समस्त सेवा सहकारी समिति मर्यादित के सहायक प्रबंधक एवं खाद्य प्रभारी की बैठक कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी अनुभाग लांजी में आयोजित की गई इस बैठक में अनुभागीय अधिकारी राजस्व लांजी द्वारा सभी समिति को प्रतिदिन उर्वरक भंडारण एवं वितरण की भागीदारी उपलब्धता करने हेतु निर्देशित किया गया लांजी के अंतर्गत आने वाली समितियां जैसे लांजी, घोटी पलड़ोंगरी, मनेरी, कुल्पा, बिरनपुर, बड़गांव में सभी प्रकार के उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिन समिति में उर्वरक की कमी थी उन्हें RO करने हेतु निर्देशित किया गया मिरिया में उर्वरक की कमी होने पर शीघ्र double लाख को उर्वरक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ मर्यादित लांजी में उपलब्ध उर्वरक डीएपी,63.3MT NPK (20:20:0:13)-100MT पर चर्चा की गई। क्षेत्र सहायक मायाराम बैगा द्वारा NPK एवं डीएपी के RO काटने की जानकारी दी गई सभी समितियां से उर्वरक उपलब्धता की जानकारी बारी-बारी में अनुविभागीय अधिकारी कमलचंद सिंहसार द्वारा ली गई। सभी समितियां में यूरिया की उपलब्धता की जानकारी ली गई सभी समितियां द्वारा यूरिया-650 MT,DAP - 550MT,20:20:,0:13(NPK)-470MT की मांग की गई इसी प्रकार मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ मर्यादित लांजी के मायाराम बैगा द्वारा नगद वितरक हेतु यूरिया -75 MT DAP-60MT, NPR (20:20:0:13)-50MT की मांग प्रस्तुत की गई। अनुविभागीय कृषि अधिकारी लांजी द्वारा समितियां को POS मशीन से निरंतर उर्वरक वितरण करने स्टॉक पंजी POS मशीन एवं भौतिक रूप से उर्वरक समान मात्रा में पाया जाना चाहिए इस बैठक में अनुविभागीय कृषि अधिकारी खुदीराम सनोडीया वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुलदीप गणवीर मध्य प्रदेश राज्य विपणन संघ मर्यादित के क्षेत्र सहायक मायाराम बैगा एवं सभी समितियां के संस्था प्रबंधक एवं खाद्य प्रभारी उपस्थित रहे।

# ददिया में 7 हितग्राहियों को नगद अंत्येष्टि सहायता राशि भेंट



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ददिया के पंचायत भवन में 3 जुलाई दिन गुरुवार को सबंल योजना अंतर्गत मृतक के परिजनों को अन्तेष्टी सहायता राशि का वितरण किया गया वहीं इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम सरपंच श्रीमती त्रिषी पंछी राजेन्द्र भलावी,जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम भोयर,सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र भलावी, रोजगार सहायक देवेन्द्र बोपचे सहित अन्य और भी लोग मौजूद रहे इन लोगों कि मौजूदगी में मृतक के परिजनों को सबंल योजना के तहत अन्त्येष्टि राशि का वितरण किया गया जिसमें मृतको कि संख्या सात थी सभी सातों मृतकों के परिजनों को सबंल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि सहायता राशि के 35 हजार रुपये नगद वितरित किए गए।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए ददिया सरपंच श्रीमती भलावी ने बताई कि मध्यप्रदेश शासन के द्वारा गरीबों व मजदूर वर्गों के लिए शासन ने सबंल योजना कि शुरुआत कि है जिसमें अनेकों फायदे हैं यह योजना गरीबों व मजदूर वर्गों के लिए आत्म सबंल प्रदान करती हुई आ रही है तथा इसी योजना अंतर्गत मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता योजना से प्रत्येक को पाँच हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत के 7 पात्र हितग्राहियों को शासन से स्वीकृत राशि प्रदान कि गई है। जिसमें दिलीप सर्राटे,घनश्याम आश्वाले,मानसिंह रहांगडाले, जितेन्द्र बोपचे, वर्षा पंचेश्वर,जोधराज व नवीन कडौकर शामिल रहे हैं।

## फसल सुरक्षा हेतु खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार करेगी वहन

**बालाघाट।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानिकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है।आयुक्त उद्यानिकी के अनुसार उद्यानिकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा।

# अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कर्मचारी अस्पताल समय पर खोले-रितु धुर्वे बीएमओ



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

अंतिम छोर के पीड़ित व्यक्तियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाए मुहैया करने के लिए लालबर्रा की नवागत खंड चिकित्सा अधिकारी रितु धुर्वे ने मंगलवार को उप स्वास्थ्य केंद्र खारी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहगांव धपेरा का निरीक्षण किया जिले और क्षेत्र में हो रही अत्यधिक वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए स्वास्थ सुविधाओं के सफल संचालन एवं सुविधाओं का निरीक्षण करने नवागत खंड चिकित्सा अधिकारी लालबर्रा रितु धुर्वे ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपस्थित स्टाफ को आवश्यक परामर्श एवं वर्षा काल मे स्वास्थ्य समस्याओं से सजग एवं तत्पर रहने के निर्देश दिए हैं। और अस्पताल भी समय पर खुले ऐसे निर्देश खंड चिकित्सा अधिकारी रितु धुर्वे लालबर्रा द्वारा दिए गए हैं।

# पानी से घरों में जमकर हुई तबाही : वार्ड क्रमांक 5 सिंधी कॉलोनी के रहवासियों ने सीएमओ उपयंत्री को लताड़ा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी तहसील क्षेत्र में लगातार तीन दिनों अनवरत बारिश हो रही है. बारिश से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बारिश के बाद कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 03 और 05 के बहुत बुरे हाल है. वार्ड क्रमांक 05 की सिंधी कॉलोनी और इसके आसपास के घरों में 3 से लेकर 4 फीट तक पानी भर गया. जिससे इन घरों में रहने वाले लोगों का जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है. जलभराव होने की वजह से मंगलवार को कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल पाए इन परिवारों के लोगों को भूखे रहना पड़ा. इसके अलावा संपत्ति नष्ट हो गई है. बारिश के बाद कितना नुकसान हुआ है इसका अभी कोई अनुमान नहीं है. जिन लोगों के घरों के ग्राउंड फ्लोर में पानी जमा हो गया है वह प्रथम तल में शरण ले रहे है. जिनके घर भू-तल पर ही बने हुए है ऐसे लोगों को सर्वाधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इन घरों में तमाम तरह के सामान पानी में तैरते दिखाई दिए. खाद्य सामग्री बर्बाद हो गई. सिंधी कॉलोनी और इसके आस-पास, इंडेन गैस एजेंसी के पीछे स्थित कॉलोनी के लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. शहर के इन दो वार्डों में यह स्थिति न सिर्फ अति वृष्टि की वजह से नहीं बनी है बल्कि शहरी नियोजन और जल निकासी की ठीक व्यवस्था नहीं होना इसका एक प्रमुख कारण है. जिसके चलते जब अधिकारी स्थिति का जायजा लेने के लिए पहुंचे तो उन्हें स्थानीय रहवासियों के गुस्से का सामना करना पड़ा. नगर परिषद उपयंत्री राजेश चौकसे की घटिया इंजीनियरिंग और नगर परिषद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की घोर लापरवाही के कारण इन वार्डों में यह हालात निर्मित हुए है. दोपहर 1 बजे एसडीएम के.सी.ठाकुर, सीएमओ राधेश्याम चौधरी, उपयंत्री राजेश चौकसे और पार्षद प्रतिनिधि डागेन्द्र राउत वार्ड में स्थिति का जायजा लेने के लिए पहुंचे जहां पर स्थानीय रहवासियों ने सीएमओ और उपयंत्री को जमकर लताड़ गई. गुस्साई भीड़ ने उपयंत्री राजेश चौकसे को गाली-गलौज तक कर डाली लेकिन वह सिर्फ चुप्पी साधे खड़े रहे. उनकी चुप्पी यह बताने के लिए काफी थी कि उनकी लापरवाही की वजह से वार्डों के यह हाल बने है. दरअसल, वार्ड क्रमांक 03 और 05 के कई हिस्से जलमग्न हो गए है. इन वार्डों की हालत देखकर ऐसा लगा मानो नदी प्रवाहित हो रही है. नालों का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है. घरों में जलभराव होने के बाद किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो इसे ध्यान में रखते हुए इन कॉलोनियों की बिजली बंद कर दी गई है. बारिश के बाद जिनके घरों में पानी घुस गया है उनके पास रहने-खाने की व्यवस्था फिलहाल नहीं है।

वार्डों के इन हालातों के लिए नगर परिषद दोषीः कलेक्टर मृणाल मीणा लगातार बैठक लेकर बाढ़ आपदा और शहरों में बारिश के पानी की निकासी को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों को आदेशित कर रहे थे. इस बैठक में नगर परिषद कटंगी के अधिकारी भी शामिल हो रहे थे. मगर, कटंगी सीएमओ और उपयंत्री ने कलेक्टर के आदेश के बाद भी शहर में बारिश के पानी की निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की. इन दोनों ही वार्ड की जनता वार्डों में बने हालातों के लिए नगर परिषद के उपयंत्री को दोषी मान रही है. वार्ड पार्षद ने बताया कि सिंधी कॉलोनी में नाले के कार्य की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी लेकिन उपयंत्री ने ही कार्य को अधूरा छोड़ा. जिसका खामियाजा हर साल बारिश के मौसम में सिंधी कॉलोनी के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

**खबर संक्षेप**

## पंच तत्व में विलीन हुई डॉक्टर सुषमा जैन

दिगंबर जैन समाज सिवनी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉक्टर अशोक खजांची जी की धर्म पत्नि एवं नगर के जाने माने विख्यात मिलनसार सेवा भावी चिकित्सक डॉक्टर अपूर्व जैन की माता श्रीमति डॉक्टर सुषमा जैन का मंगलवार के ब्रह्ममहूर्त में 72 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी। अपने जीवन काल में तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने वाली डॉक्टर सुषमा जैन के एक पुत्र एक पुत्री एवं पौत्र पौत्रियों सहित भरा पूरा परिवार है।वे अपने समय की एक सेवा भावी मृदुभाषी कुशल चिकित्सक एवं धार्मिक गृहणी रही है। उन्होंने वर्षों छोटे मिशन हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान की। मंगलवार सांयकाल 4.30 बजे अनेक गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में उनके पुत्र डॉक्टर अपूर्व ने पूर्ण विधि विधान पूर्वक उनकी पार्थिव देह को मुखाग्नि प्रदान की। अस्थि संचय का कार्यक्रम गुरूवार 10 जुलाई को प्रातः 7.00 बजे से रखा गया है।

# यात्रीगण ध्यान दे: पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन की तत्काल प्रभाव से रिजर्वेशन बुकिंग चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




पीआरओ एसईसीआर द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार रेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विस्तारित इंदौर भोपाल पेंचव्हेली एक्सप्रेस का नैनपुर तक विस्तार कर दिया गया है ,इसी तरह सिवनी बैतूल पेसेंजर का नियमित चलने की घोषणा के साथ रिजर्वेशन टिकिट बुकिंग दिनांक 7 जुलाई से प्रभावशील हो गयी, गाडी क्र.19343/19344 इंदौर-सिवनी-नैनपुर पेंचवेली एक्सप्रेस एवं गाडी क्र. 59395 बैतूल- छिंदवाडा सिवनी नए नंबर. 58830/58829 सिवनी बैतूल पेसेंजर की तत्काल प्रभाव से आरक्षण सुविधा उपलब्ध चालु हो गई ।

ज्ञात हो दिनांक 15 जुलाई से गाडी क्र.19343 पेंचवेली एक्सप्रेस हर दिन इंदौर से 13.05 बजे रवाना होगी, जो 03.20/ 03.35 बजे छिंदवाड़ा चौरई 04.03/04.05 बजे, सिवनी 04.40/04.45 बजे , भोमा 05.03/05.05, केवलारी 05.23/05.25 और सुबह 06.30 बजे नैनपुर पहंचेगी।

वापिसी में गाडी क्र.19344 पेंचवेली एक्सप्रेस 19.00 बजे नैनपुर से रवाना होगी, जो केवलारी 19.15/19.17 बजे, भोमा 19.43/19.45 बजे,सिवनी 20.05/20.10 बजे,चौरई 20.28/20.30 बजे और 22.20 बजे छिंदवाडा पहंचेगी और फिर इंदौर के लिए प्रस्थान कर अगले दिन 12:45 बजे इंदौर पहूंचेगी ।यह ट्रेन भोपाल, इटारसी, आमला से होकर गुजरेगी, नागपुर मंडल के अंतर्गत गाडी का ठहराव केवलारी एवं भोमा में दिया गया है।इसी प्रकार -दिनांक 14 जुलाई 2025 से गाड़ी संख्या 59396 (सिवनी-बैतूल) तथा गाडी संख्या 59395 (बैतूल-छिंदवाडा) को नए नंबरों के साथ संचालित किया जा रहा है।

## अतिथि शिक्षक को अनावश्यक रूप से अपात्र करने को लेकर प्रधानाध्यापक श्री यादव को कलेक्टर ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शासकीय माध्यमिक शाला ऐरपा के प्रधानाध्यापक श्री कुशल यादव (मूल पद अध्यापक) को अतिथि शिक्षक वर्ग-2 की पात्र आवेदिका को अनावश्यक रूप से ऑनलाईन अपात्र किये जाने को लेकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आवेदिका मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सुश्री जैन के समक्ष उपस्थित हुई थी। प्राथमिक चर्चा उपरांत संकुल प्राचार्य कातलबोड़ी के प्रतिवेदन में ऐरपा अध्यापक श्री यादव द्वारा अनावश्यक रूप से आवेदिका को अपात्र किया जाना पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

# लखनवाड़ा क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब

**थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के अधीनस्थ बिकने वाली शराब को लेकर अनेकों बार जमुनिया पंचायत,एवं कातलबोड़ी पंचायत के द्वारा शिकवा शिकायत आवेदन निवेदन किया गया इतना ही नहीं ग्राम सुरक्षा समिति के माध्यम से भी थाना प्रभारी को अवगवत कराया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कार्यवाही भी की गई कुछ दिन क्षेत्र स्वतंत्र रहा फिर वही ढाक के तीन पात वाली कहावत फिर बिकने लगी आखिर इन शराब बेचने वालों को किन लोगों का सहयोग प्राप्त हो जाता है कि ये लोग दुगनी ताकत के साथ मुख्य मार्ग के इर्द गिर्द चौक चौराहे की दुकानों पर निर्भय होकर शराब बेचने को तैयार हो जाते हैं। नित्य प्रति दंगाफसाद मार पीट लड़ाई झगड़े से तंग आकर आखिर मात्रधाम कातलबोड़ी पंचायत की लाडली बहनो का 25 से 30 बहनों का समूह थाना लखनवाड़ा अपनी शिव शक्ति के साथ पहुँच गया। एवं शराब बेचने वाले 6लोगो के नाम भी बताए एवं लाडली बहनो ने थाने में विशेष निवेदन भी किया उन्होंनें कहा कि हमारे मातृधाम क्षेत्र के दायरे में किसी भी चौक चौराहे दुकान में एवं मुख्य मार्ग में शराब बिक्री नहीं होनी चाहिए। अगर आगे से किसी भी व्यक्ति द्वारा इस क्षेत्र में शराब बेचते हुए पाया जाएगा तो उस पर अन्य विधि के द्वारा ऊपर तक शिकायत की जाएगी। थाना में पदस्थ सेवा कर्मी के द्वारा अस्वस्थ किया गया है कि क्षेत्र में कहीं भी शराब नहीं बिकेगी एवं बेचने वालों पर विधिवत कार्यवाही की जावेगी।क्या ऐसा हो पाएगा।

# धर्म सभा का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में धर्म सभा का आयोजन 8 जुलाई को प्रातः काल की बेला में हुआ जिसके अंतर्गत आचार्य श्री की पूजन की गई, मुनि संघ का पाद प्रक्षालन किया गया ,आरती उतारी गई ,प्रवचन सभा में मांगलिक क्रियाए की गई शास्त्र अर्पण किए गए। कमेटी ने बताया कि चातुर्मास स्थापना भक्ति पाठ 9 जुलाई बुधवार को होगी जो 21 अक्टूबर दीपावली तक रहेगी,गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई गुरुवार को



प्रातः 8 बजे आचार्य श्री की विशेष पूजन मुनि संघ के चरण प्रक्षालन के साथ मनाया जाएगा , इस अवसर पार धर्म सभा को संबोधित करते हुए हैं मुनि श्री भाव सागरजी महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के माध्यम से कई लोगों के रोग दूर हो जाते थे वह सभी की चिकित्सा के लिए मार्गदर्शन देते रहते थे, उनके माध्यम से 135 गौशालाओं में लाखों गायों की रक्षा हुई । मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज ने कहा कि शरीर मिला है तो इससे तप साधना करें जिससे कर्मों की निर्जरा होगी एक संस्मरण के माध्यम से बताया कि आचार्य श्री किस प्रकार से शिक्षा देते थे।

# लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर

**सिवनी में पिछले 30 घंटों से रुक रुक हो रही बारिश नदी-नाले उफान पर हैं और कई स्थानों पर नहर फूट गई है। मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़ मार्ग का संपर्क टूट गया है। बैनगंगा और सागर नदी में उफान के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है।**



लखनवाड़ा में बैनगंगा नदी में तेज बहाव देखा जा रहा है। भीमगढ़ बांध का जलस्तर 514.50 मीटर तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार जिले 24 घंटे के भीतर 3 इंच से ज्यादा बारिश रिकार्ड हुई है। वहीं सिवनी में 86.6 मिमी (3.2 इंच) पानी बरसा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में सप्ताहभर से 1 से 2 डिग्री का अंतर ही दर्ज हो रहा है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ उदयभान मर्सकोले ने बताया है कि यदि वर्षा जारी रही तो बांध के गेट खोलने की आवश्यकता पड़ सकती है। जिले में 1 जून से 7 जुलाई तक 428.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### कलेक्टर की अपील- नदी नालों के पास नहीं जाएं



जिला कलेक्टर संस्कृति जैन ने आमजन से अपील की है कि वे नदी-नालों के पास न जाएं। प्रशासन ने नदी-नालों के आसपास बैरिकेडिंग कर निगरानी बढ़ा दी है। वहीं विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। यह आदेश सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा।

# ठाकुर रजनीश सिंह न्याय सत्याग्रह में हुये सम्मिलित

**08 जुलाई को केवलारी विधायक ठा.रजनीश सिंह ने अशोकनगर में न्याय सत्याग्रह में हुये सम्मिलित । अशोकनगर के मंडी प्रांगण में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर के विरोध में अशोकनगर में न्याय सत्याग्रह का आयोजन किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने प्रदेश कांग्रेस जनों के द्वारा मध्यप्रदेश की जनविरोधी मोहन यादव सरकार की जन विरोधी नीतियों के अन्याय, झूठ, और षड्यंत्र के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की।

मोहन यादव सरकार पिछड़ों एवं दलित पर लगातार अत्याचार, दुराचार एवं लोकतंत्र को कुचलने सामाजिक न्याय को दबाने भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का काम कर रही है और कांग्रेसियों के ख़िलाफ़ झूठे मुकदमे दर्ज कर सत्य और संघर्ष की आवाज को कुचलने का काम कर रही है।भारतीय जनता पार्टी की सरकार न्याय की आवाज को दबाने के लिए झूठ और दमन का सहारा ले रही है। यह सिर्फ एक आंदोलन नहीं, बल्कि सत्य और न्याय की पुनस्र्थापना की लड़ाई है।

मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लोकतंत्र का गला घोंटने, विपक्ष की आवाज दबाने और जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के हर प्रयास का हम डटकर विरोध करेंगे। न्याय सत्याग्रह के आयोजन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित सभी विधायक गण एवं प्रदेश प्रदाधिकारियों समेत समस्त संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थिति रही ।

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 13 जुलाई तक किये जा सकेंगे नामांकन एवं आवेदन

**प्रदेश में केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिये आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला कलेक्टर्स एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल http://nationalawardstoteachers.education.gov.in पर 13 जुलाई तक स्वीकार किये जायेंगे। प्रदेश में जिन शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक नामांकन कर दिया जायेगा उनके अभिलेख, ऑडियो, वीडियो 15 जुलाई तक पोर्टल पर अपलोड किये जा सकेंगे।

### जिला स्तरीय चयन समिति

शिक्षक द्वारा किये गये नामांकन की प्रथम स्तर पर स्कूटनी के लिये जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। समिति में राज्य शासन का प्रतिनिधित्व जिले के डाइट प्राचार्य और कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सदस्य के रूप में करेंगे।

### राज्य स्तरीय चयन समिति

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार एवं सम्मान के लिये राज्य स्तर पर भी समिति होगी। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग अध्यक्ष होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में केन्द्र सरकार के नामांकित प्रतिनिधि, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ आयुक्त लोक शिक्षण सदस्य सचिव के रूप में शामिल होंगे। राज्य चयन समिति द्वारा विशेष श्रेणी सहित अधिकतम 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अग्रेषित की जा सकेंगी।

### समय सारणी

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की ऑनलाइन प्रक्रिया के निष्पादन की समय सारणी निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन 13 जुलाई 2025 तक स्वीकार किये जायेंगे। शिक्षक द्वारा अंतिम रूप से नामांकन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा राज्य चयन समिति के लिये ऑनलाइन पोर्टल पर 3 अनुशंसाओं को 16 जुलाई से 25 जुलाई तक भेजा जा सकेगा। राज्य चयन समिति द्वारा नेशनल ज्यूरी को शॉर्ट-लिस्टेड 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार को ऑनलाइन 26 जुलाई से 4 अगस्त तक भेजी जा सकेंगी। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के बेव पोर्टल से प्राप्त किये जा सकते हैं।

# भूरा फाउंडेशन द्वारा गिफ्ट ए डेस्क अभियान में 69 डेस्क बेंच विभिन्न स्कूलों में प्रदत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भूरा परिवार के प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय रामचंद्र जी भूरा एवं श्रीमती मीराबाई भूरा की स्मृति में समाज सेवा के क्षेत्र में भूरा परिवार द्वारा गठित भूरा फाउंडेशन द्वारा जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की पहल पर चलाए जा रहे गिफ्ट ए डेस्कअभियान में 69 डेस्क बेंच विभिन्न स्कूलों में प्रदाय की गई ।

उक्त अभियान पर भूरा फाउंडेशन द्वारा महात्मा गांधी हाई स्कूल सिवनी में 36, नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 17, माध्यमिक शाला बिंझावाडा में 9, शासकीय माध्यमिक शाला लूघरवाडा में 7 साथ डेक्स बेंच प्रदाय की गई ।

भूरा फाउंडेशन द्वारा कहा गया की शिक्षा समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, एक अच्छी शिक्षा के लिए शिक्षा परिसर का वातावरण भी अच्छा होना चाहिए । भूरा फाउंडेशन ने गिफ्ट डेस्क अभियान के लिए कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन को धन्यवाद दिया एवं उम्मीद जताई कि उनके अभियान से स्कूलों में शिक्षा के वातावरण में सुधार आएगा और बच्चे स्कूल में मन लगाकर पढ़ाई कर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### गिफ्ट अ डेस्क की गूंज सात समंदर पार, टोरंटो से सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने गिफ्ट की 10 डेस्क

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अभिनव पहल गिफ्ट अ डेस्कमुहिम का टोरंटो कनाडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत अंक तिवारी भी हिस्सा बने। अंक तिवारी भोपाल के मूल निवासी हैं जो विकासखंड अधिकारी धनौरा के भांजे हैं। श्री अंक तिवारी की माताजी भोपाल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी, जो कोविड के समय स्वर्गवासी हो गई थी। अंक तिवारी ने अपनी माता जी की स्मृति में गिफ्ट अ डेस्क मुहिम से प्रेरित होकर 10 डेस्क गिफ्ट की हैं।

# सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 07 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सभी एसडीएम से अपने क्षेत्र में अति वृष्टि के कारण ऊफान में नदी नालों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटे पुलों-रपटों में व्यवस्थित बैरीकेटिंग करते हुए कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी सीएमओ को भी नगरीय क्षेत्रों में जल भराव वाले क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करते हुए जेसीबी एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था रखते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने ईई पीएचई को सम्पूर्ण मानसून के दौरान नल जल योजनाओं के माध्यम से होने वाली पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने बैठक में उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भीमगढ़ बांध में जल भराव की स्थिति तथा जल आवक की जानकारी लेकर बांध के गेट खोलने की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



उन्होंने बांध के गेट खोलने के पूर्व इसकी सूचना प्रभावित क्षेत्रों में पहले से देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने बैठक में अनुपस्थित पाए गए कार्यपालन यंत्री पी एल नाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नगरपालिका बरघाट एवं केवलारी की शिकायतें बढने को लेकर संबंधित सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभागवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतें एवं 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व प्र करणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती तथा बटवारे के लिए लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने समग्र ई-केवायसी के लिए लंबित प्रकरणों को पूरा करने के निर्देश सभी सीईओ जनपदों एवं सीएमओ नगरपालिका को दिया है।कलेक्टर सुश्री जैन ने शासन के निर्देशानुसार जून, जुलाई, अगस्त माह के लिए वितरित खाद्यान्न के वितरण प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही साथ स्कूलों के मध्यान्ह भोजन, आंगनवाड़ी केन्द्रों के पोषण आहार के लिए खाद्यान्न के उठाव की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।कलेक्टर सुश्री जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े बीआरसी धनौरा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों से जिले के नवाचार गिफ्ट अ डेस्क अभियान अंतर्गत जन सहयोग से 614 डेस्क बैंच शासकीय प्राथमिक शालाओं में उपलब्ध कराने वाले उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रशंसा के साथ ही उनकी कार्ययोजना के बारे में जाना। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र में जन सहयोग से इस तरह की पहल के लिए प्रेरित किया है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 101 आवेदन

**प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।**

जिलास्तरीय जनसुनवाई में अंबेडकर वार्ड मंगलीपेठ सिवनी निवासी राजकुमारी डहेरिया एवं अन्य द्वारा नजूल पट्टा एवं बिजली प्रदाय किये जाने विषयक, ग्राम घाटपिपरिया सिवनी निवासी अनारकली धुर्वे द्वारा डीएलएड की छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, ग्राम बिठली सिवनी निवासी चंदन लाल बट्टी द्वारा वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक, बारपत्थर सिवनी निवासी नत्थूलाल मालवी द्वारा क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, कबीर वार्ड सिवनी निवासी कमलसिंह धुर्वे द्वारा धारणाधिकार पत्र दिलाये जाने विषयक, सिवनी निवासी साक्षी नागोत्रा द्वारा छात्रावास में प्रवेश दिलाये जाने विषयक, ग्राम खैरी सिमरिया सिवनी निवसी कमला सनोडिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम रहलोन तहसील लखनादौन निवासी बुध्दू ओझा द्वारा वनभूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम ताखलाकला तहसील बरघाट निवासी राजकुमार ठाकुर द्वारा किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बर्रा बिछुआ तहसील छपारा निवासी भूपेन्द्र राजपूत द्वारा भूमि में आवेदक का नाम दर्ज कराये जाने विषयक, ग्राम सीवर कन्हार तहसील कुरई निवासी मंगलचंद कलार द्वारा भूमि बंधक मुक्त कराये जाने विषयक, ग्राम बम्होडी सिवनी निवासी सुकरती भांगरे द्वारा राशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम बखारी सिवनी निवासी सोहनलाल द्वारा भूमि का मुआवजा की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम बींझावाडा सिवनी निवासी अशोक श्रीवास्तव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम बरबसपुर तहसील धनौरा निवासी अश्वनी बोरकर एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा ट्रांसफार्मर की लीड बदलने विषयक, सुभाषवार्ड सिवनी निवासी श्रीकांत दुबे द्वारा राजस्व रिकर्ड में नक्शा सुधार किये जाने विषयक, सहित कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भौतिक.रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-डी इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्कैन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

### प्रशासन ने किया पेट्रोल के 4 नोजल सील, उपभोक्ताओं ने किया जमकर हंगामा

# अभिषेक पेट्रोल पंप के पेट्रोल में मिला पानी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले की गाडियों में पानी मिला हुआ पेट्रोल डालने की घटना के बाद से प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश भर के पेट्रोल पंपों की जॉच करने के आदेश जारी किए गए है। लेकिन वारासिवनी नगर में पहली बार उपभोक्ताओं की शिकायत पर खाद्य विभाग व राजस्व विभाग द्वारा कटंगी मार्ग पर स्थित अभिषेक पेट्रोल पंप पर छापामार कार्यवाही की गई। जिसके बाद पेट्रोल सप्लाई के 4 नोजल को बंद कर सील लगा दी गई हैं और कलेक्टर बालाघाट के आदेश तक उसे नहीं खोलने की बात खाद्य अधिकारी द्वारा कही गई हैं।



**वाहन के चलने में आई परेशानी, तो मिस्त्री ने बताया पेट्रोल में मिला हैं पानी:** जानकारी अनुसार मंगलवार को जब उपभोक्ताओं ने कटँगी मार्ग पर स्थित अभिषेक पेट्रोल पंप से अपने-अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाना प्रारंभ किया, तो उनके वाहनों में कई प्रकार की खामियॉ आनी प्रारंभ हो गई। जिसके बाद लोगों ने जब अपने वाहनों को मिस्त्री के पास ले गए, तो पता चला कि पेट्राल टंकी में पानी होने के कारण वाहन में गड़बड़ी आ रही है। जिसके बाद लोगों ने वाहन की टंकी से पेट्रोल निकाल कर देखा, तो उसमें पानी मिला हुआ था।

**उपभोक्ता की शिकायत पर पहुँचे अधिकारीगण:** जिसके बाद एक उपभोक्ता ने इस बात की शिकायत खाद्य विभाग व तहसील कार्यालय के अधिकारियों को कर दी। जिस पर एसडीएम राजीव रंजन पांडे, खाद्य अधिकारी अश्विनी देशमुख, नायब तहसीलदार मंजूला महोबिया, थाना प्रभारी हेमंत नायक पुलिस बल के साथ अभिषेक पेट्रोल पंप पर पहुँचे। जहॉ पर उन्होंने पेट्रोल की जॉच की, तो उसमें पानी मिला हुआ पाया। जिस पर उन्होंने पेट्रोल पंप संचालक सौरभ रुसिया से इस संबंध में पूछताछ की, तो वह इस संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। उसके बाद उन्होंने पेट्रोल टेंक का निरीक्षण किया, लेकिन वहॉ भी उन्हें पानी जाने की कोई स्थिति नजर नहीं आई।

**वाहन मालिक व पेट्रोल संचालक से चर्चा पेट्रोल का लिया सेंपल:** इस दौरान अधिकारियों ने वहॉ पर पेट्रोल भरवाने के लिए आए हुए वाहन चालकों से भी चर्चा की और उनके वाहनों में भरे गए पेट्रोल की जॉच की, तो उसमें भी पानी मिला हुआ पाया। जिसके बाद उन्होंने पंप से एक बोतल में पेट्रोल भरवा कर उसकी जप्ती बना कर पंचनामा कार्यवाही कर पंप के 4 पेट्रोल के नोजल को बंद कर दिया। अधिकारियों के अनुसार पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जायेगी।

एक अन्य उपभोक्ता ज्योति ने बताया कि हमने 3 गाडिय़ों में पेट्रोल भरवाया था। 2 लोग चले गए हैं। मेरी गाड़ी चालू नहीं हो रही हैं, तो यहॉ पर खड़ी हूॅ। हम टब बेचने वाले लोग है। परेशान हो रहे हैं। पंप मालिक ने मिस्त्री को बुलाने भेजा है, बोल रहे हैं चालू करवा कर देगे।

उपभोक्ता हामिद शेख ने बताया कि हमने 320 रुपये का पेट्रोल भरवाया था, पूरा पानी निकला हैं। पेट्रोल हैं ही नहीं। इसीलिए शिकायत करने के लिए आए हैं। टेकाड़ी निवासी ग्रामीण ने बताया कि उसने पहले 100 रुपये का पेट्रोल भरवाया था, लेकिन पानी निकलने के कारण उसे फेंकना पड़ा, फिर 500 रुपये का पेट्रोल भरवाया और नवोदय स्कूल के पास तक गया था, तो फिर गाड़ी में परेशानी आई। इसी दौरान वहॉ से गुजरने वाले लोगों ने बताया कि पेट्रोल में पानी निकल रहा है, तो मैने टंकी से पेट्रोल निकाल कर देखा, तो उसमें पानी ही पानी निकला। हम हमेशा इसी पेट्रोल पंप से ही पेट्रोल भरवाते हैं।

**स्कूटी में 400 रुपये का पेट्रोल भरवाया, पानी निकला, मिस्त्री के यहॉ सुधरवा रहा हूॅ:** कोसरीटोला निवासी सुमित डोंगरे ने बताया कि उसने अपनी स्कूटी में 400 रुपये का पेट्रोल भरवाया था। जो पूरा पानी निकला है। मेरी गाड़ी टोड्या नाले के पास मिस्त्री के यहॉ सुधर रही है। जिसने मुझे सामग्री की सूची भेजी है। इस दौरान आक्रोशित वाहन चालक पेट्रोल पंप संचालक के व्यवहार से भी नाराज नजर आए। उन्होंने पेट्रोल पंप में तोडफ़ोड़ व आग लगाने देने तक की बात कही। लेकिन पुलिस व्यवस्था के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटित हो पाई।

### इनका कहना है

उपभोक्ताओं की शिकायत पर पेट्रोल पंप की जॉच की गई। जिसमें पेट्रोल में पानी मिला हुआ पाया गया। पेट्रोल का सेम्पल लिया गया है, जिसे जॉच के लिए भेजा जायेगा, जिसके बाद पेट्रोल में पानी के प्रतिशत की जानकारी मिलेगी। इस संबंध में कलेक्टर बालाघाट को प्रतिवेदन भेजा जायेगा, उनके द्वारा ही आगे की कार्यवाही होगी। पेट्रोल पंप संचालक द्वारा अब तक लगभग 170 उपभोक्ताओं को राशि वापस करने की बात कही जा रही है।

**मंजूला महोबिया**
**नायब तहसीलदार वारासिवनी।**

पेट्रोल में पानी मिलने की शिकायत के बाद अभिषेक पेट्रोल पंप पर कार्यवाही कर उसे सील किया गया है। भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों को बुला कर इस मामले की आगे जॉच की जायेगी। उसके बाद कलेक्टर बालाघाट के निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**अश्विनी देशमुख**
**खाद्य अधिकारी बालाघाट।**

शिकायत के बाद जॉच की गई है। आगामी कार्यवाही कलेक्टर बालाघाट द्वारा की जायेगी।

**राजीव रंजन पांडे, एसडीएम।**

### शाही संदल निकाल कर दरगाह में पेश की गईं चादर

# अमनो अमान के पैगाम के साथ निकला गया शाही संदल

**पूर्ण अकीदतो के साथ मनाया जा रहा हजरत हक्कू शाह बाबा का 221 वा सालाना उर्स**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

हर साल की तरह इस साल भी सैय्यद अलहाज अब्दुल हकीम उर्फ हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती का सालाना उर्स पूर्ण अकीदतो, हर्षोल्लास औऱ विधि विधान के साथ मनाया जा रहा हैं।बाबा के इस सालाना उर्स मुबारक़ पर उर्स कमेटी द्वारा मेन रोड स्थित आस्ताना ए औलिया दरबार को दुल्हन की तरह सजाकर रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। जहां हर साल की तरह इस साल भी रोजाना ही विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर 9 जुलाई की रात कव्वाली व कुल शरीफ की फातिहा के बाद उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा।इसी कड़ी मे हजरत हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती के 221 वे सालाना उर्स मुबारक पर हर साल की तरह इस साल भी अमनो अमान के पैगाम के साथ दरगाह शरीफ से शाही संदल निकाला गया।.जो काली पुतली चौक से- बस स्टैंड, रानी अवंती बाई चौक, वहा से बैहर रोड रजा नगर, वार्ड नंबर 10 इमामबाड़ा पहुंचा, जहाँ से अलम और चादर के साथ शाही संदल अंजुमन शादी हॉल से बैहर चौकी, वहां से देवी तालाब रोड सहित नगर के विभिन्न मार्गों का गस्त करता हुआ वापस मेन रोड से दरबार शरीफ पहुंचा. जहां बाबा को अलम व चादर पेश की गईं।जिसमे उपस्थितजनो ने बाबा के आस्ताने मे अकीदतों के फूल चादर पेश कर देश व पूरी दुनिया मे अमन चैन शांति, आपसी भाईचारे, मुल्क की तरक्की और अमनो अमान की मन्नते मांगी गई।

**शाही संदल में पेश किया गया अखाड़े के हुनर**

हजरत हक्कू शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह चिश्ती के 221 वे सालाना उर्स मुबारक पर 1जुलाई से हर साल की तरह इस साल भी रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है।इसी कड़ी में 6 जुलाई रविवार को यादे हुसैना मनाया गया। वही दोपहर में उर्स मुबारक पर शाही संदल नगर का गस्त करता हुआ दरगाह शरीफ पहुँचा जहा अमनो आमान की सामुहिक दुवाओ के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कराए गए। उधर इस शाही संदल में उपस्थित बच्चे से लेकर युवा वर्ग संदल के सामने अखाड़े का हुनर पेश करते हुए नजर आए।

सालाना उर्स मुबारक पर मेन रोड स्थित आस्ता ना ए औलिया दरबार को रंग रोगन कर, रंग बिरंगी लाइट, आकर्षक डेकोरेशन लगाकर दरगाह शरीफ को फूलों से सजाया गया हैं.जहाँ उर्स कमेटी व दरबार कमेटी द्वारा उर्स मुबारक पर रोजाना विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन किए जा रहे हैं.जो 9 जुलाई तक किए जाएंगे. इसी कड़ी में मंगलवार की शाम को फूलों का नजराना पेश कर दरगाह शरीफ में चादर चढ़ाई गई।वही लंगर ए आम का आयोजन होगा। 09 जुलाई बुधवार की रात ईशा की नमाज के बाद उर्स ए मुबारक पर अजीमो शान कव्वाली का आयोजन होगा।जिसमें देश व दुनिया के मशहूर कव्वाल शब्बीर सदाकत साबरी द्वारा कव्वाली के नजराने पेश किए जाएगे।जिसके बाद कुल शरीफ की फतिया का आयोजन कर देश में अमन चैन शांति और अमनो अमान की सामूहिक दुवाओ के साथ उर्स मुबारक का समापन किया जाएगा।

## मॉयल लिमिटेड को मिला प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग अवॉर्ड



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मॉयल लिमिटेड के लिए वर्ष 2023-24 गौरव और उपलब्धि से भरा रहा जब कंपनी की गुमगांव, कांद्री और चिकला खदानों को भारतीय खान ब्यूरो (IBM) द्वारा प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड पर्यावरण संतुलन, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, सुरक्षा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मानकों पर आधारित होता है और इसे उन्हीं खदानों को प्रदान किया जाता है जो खनन कार्यों को उत्तरदायित्वपूर्वक एवं सतत विकास के साथ संचालित करती हैं। यह सम्मान राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और भारत सरकार के केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें देश की प्रमुख खनन कंपनियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और गौरवशाली बना दिया। मॉयल की इन तीन खदानों का 5-स्टार रेटिंग प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि कंपनी खनन क्षेत्र में तकनीकी दक्षता, पर्यावरणीय जागरूकता और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह उपलब्धि सिर्फ कंपनी के प्रबंधन या मशीनरी की सफलता नहीं बल्कि इसमें शामिल हर कर्मचारी की मेहनत, निष्ठा और दूरदर्शिता का परिणाम है। मॉयल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने इस सम्मान को कंपनी के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि मॉयल हमेशा से ही न केवल उत्पादन बढ़ाने बल्कि कार्यों को पर्यावरण की दृष्टि से संतुलित रखने और स्थानीय समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस सम्मान से कंपनी की जिम्मेदारी और बढ़ गई है तथा आने वाले समय में मॉयल इससे भी बेहतर कार्यों की ओर अग्रसर होगा। यह उपलब्धि भारत सरकार की नई खनन नीति की दिशा में भी एक अहम कदम है जो टिकाऊ खनन और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देती है। मॉयल की यह सफलता उन सभी कंपनियों के लिए एक मिसाल है जो खनन को केवल व्यावसायिक दृष्टि से नहीं बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी देखती हैं। 5-स्टार रेटिंग केवल एक तकनीकी प्रमाणपत्र नहीं बल्कि यह एक व्यापक मूल्यांकन का परिणाम है जिसमें खनन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, सुरक्षा, नवाचार और सामुदायिक हितों की भूमिका होती है। मॉयल लिमिटेड की यह उपलब्धि भारत के खनन उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है।

### भीमगढ़ बांध के दो गेट खोले गये

**बालाघाट।** अधिक वर्षा होने के कारण भीमगढ़ बांध में पानी की आवक बढ़ गई है और बांध के जल स्तार को नियंत्रित करने के लिए 08 जुलाई को दोपहर 12 बजे बांध के दो गेट खोले गये हैं और इनसे 8692 घन फीट प्रति सेकंड की दर से पानी वैनगंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। इस पानी के बालाघाट जिले में 10 से 12 घंटे में पहुंचने की संभावना है। बालाघाट जिला प्रशासन ने वैनगंगा नदी के किनारे बसे ग्रामों के ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्कता एवं सावधानी बरतें। नदी के घाट एवं किनारों से दूरी बनाये रखें। कार्यपालन यंत्री पी एन नाग द्वारा बताया गया कि भीमगढ़ बांध का दिनांक 08 जुलाई 2025 को जल स्तर 515.75 मीटर तक पहुंच गया है। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए बांध के अतिरिक्त जल को दोपहर 12:00 बजे गेट क्रमांक 5 एवं 6 को खोलकर 8692 घन फीट प्रति सेकंड की दर से बैनगंगा नदी में प्रवाहित किया जा रहा है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण कर रहे विधायक मधु भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने बालाघाट जिले में बीते 13 दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश और उसके चलते उत्पन्न हुई बाढ़ की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन और राज्य सरकार को पत्र लिखकर विशेषकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता जताई है। विधायक भगत ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर वहां उनकी भोजन, आवास, चिकित्सा और आवश्यक आर्थिक सहायता की तत्काल व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण जिले के कई गांवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, नदी-नालों के उफान पर होने से कई गांवों का संपर्क टूट चुका है और लोगों के लिए दैनिक जीवनयापन करना कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वयं लगातार क्षेत्र के लोगों से संपर्क में हैं और हर ग्राम की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ताकि जहां कहीं भी स्थिति गंभीर हो वहां तत्काल जिला प्रशासन को सूचित कर राहत पहुंचाई जा सके। विधायक ने वनग्रामों और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों की विशेष रूप से चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां राहत पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था आवश्यक है क्योंकि ऐसे क्षेत्रों में संसाधनों की पहले से ही कमी रहती है। उन्होंने प्रशासन को जबलपुर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के अवरुद्ध होने की भी जानकारी दी है, जो लगातार वर्षा के कारण बंद हो गया है, जिससे आवागमन और आपात सेवाएं बाधित हो रही हैं। उन्होंने इस मार्ग को शीघ्र खुलवाने की मांग भी की है। मधु भगत ने कहा कि वह स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर बालाघाट जिले को बाढ़ से उत्पन्न आपदा से निपटने के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग करेंगे, ताकि जिले के पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता मिल सके और जनधन की हानि को रोका जा सके।



साथ ही उन्होंने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जागरूक ग्रामीणों से अपील की है कि क्षेत्र में कहीं भी गंभीर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना तत्काल उन्हें या प्रशासन को दी जाए ताकि समय रहते मदद पहुंचाई जा सके। विधायक ने कहा कि यह समय राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा का है और वे पूरी ईमानदारी से अपने क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के साथ खड़े हैं। उनका प्रयास है कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को बिना सहायता के न रहना पड़े और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर हर एक पीड़ित तक राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस संकट की घड़ी में वे हर मोर्चे पर सक्रिय हैं और जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए लगातार प्रयत्नशील हैं।

### खूबचंदजी भोज काकाजी का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार



**बालाघाट।** नगर के गौली मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाजसेवी खूबचंद भोज काकाजी का मंगलवार को 84 वर्ष की उम्र में सुबह करीब 10.15 बजे के दौरान निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा, आज 9 जुलाई को उनके निज निवास स्थान गौली मोहल्ला से महामृत्युंजय घाट मोक्षधाम के लिए प्रातः 10 बजे प्रस्थान करेगी। स्व. श्री खूबचंद भोज अपने पीछे पत्नी समेत सात पुत्र संजय पप्पू भोज, राजेश भोज, इंद्रजीत भोज, पवन भोज, पंकज भोज, सचिन भोज और नितिन भोज, एक पुत्री तथा नाती, पोते का भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। मंगलवार को उनके निधन की खबर लगते ही नगर में शोक छा गया। उनके अंतिम दर्शन करने स्नेहीजन, राजनीति से जुड़े लोग, परिचितों ने, घर पहुंचकर, उनके निधन पर शोक जताया और शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख से लड़ने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## पुल-पुलियों पर पानी होने पर पार न करें : बस ऑपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश चौहान की बस संचालकों से अपील

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बस आपरेटर एसोसिएशन बालाघाट के अध्यक्ष श्री मुकेश सिंह चौहान ने जिले के सभी बस संचालकों से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में पुल-पुलियों पर पानी होने पर उन्हें कतई पर न करें और यात्रियों की जान जोखिम में ना डालें।

श्री चौहान ने अपील में कहा है कि आपको अवगत कराया जाता है कि जिले में लगातार तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे अतिवृष्टि के कारण सारे नदी नाले उफान पर है, आप हम सभी अपने बस व्यवसाय के माध्यम से लोगों को लाना ले जाना करते है। नदी नाले उफान पर होने के कारण, जानमाल की सुरक्षा का दायित्व आप हम सभी का होता है। ऐसी परिस्थिति में अपने ड्राइवर कंडक्टर और क्लीनर को साफ साफ निर्देशित करें की यदि पुल पुलिया पर पानी है, तो बिल्कुल नदी नाले को पार नहीं करना है। ऊपर पानी होने पर किसी भी परिस्थिति में बस से पुल पुलिया पार नहीं करनी चाहिए, और वाहन की गति अभी बरसाती मौसम में न्यूनतम होनी चाहिए। कॉम्पिटिशन बसों में बिल्कुल नहीं होना चाहिए, जानमाल की सुरक्षा सर्वोपरी है। प्रशासन को इस स्थिति में सहयोग मानवीय दृष्टिकोण से करना सभी के लिए अपेक्षित है। आप बालाघाट बस ऑपरेटर एसोसिएशन बालाघाट के निर्देशों का पालन हर हाल में सुनिश्चित करेंगे, यही निवेदन आप सभी बस आपरेटर से है।

## बरसात आई आफत लाई, जाम में घरों में घुसा पानी

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** विकासखंड लालबर्रा अंतर्गत ग्राम जाम में निरंतर हो रही तेज और रिमझिम बारिश के चलते अनेकों घरों में पानी घुसा जिससे लोग आक्रोशित नजर आए, बताया जा रहा है कि नेवरगांव जाम छिंदलई मार्ग का नव निर्माण ऊंचा होने के चलते छोटी छोटी गलियों का पानी निकासी नहीं हो रहा है जिसके चलते घरों में पानी घुस रहा है। जल्द ही पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो जनता विद्रोह कर सकती है जाम के वार्ड नंबर 5 और वार्ड नंबर 10 मे भी घरों में पानी भरा हुआ बताया जा रहा है वही पीड़ित आशा विश्वकर्मा ने बताया कि दो-तीन दिन से हमारे घर में पानी घुसा है सरपंच को बताया लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हुई है अभी सरपंच देखने के लिए गए हैं खाना बनाने और रहने की बड़ी समस्या हो रही है क्या करें समझ नहीं आ रहा है।कृपया कलेक्टर साहब सहायता करें।



## पानी में फंसी 05 जिंदगी, रेस्क्यू टीम ने बचाई जान

**कटंगी।** कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 07 में सिवनी रोड़ पर श्री राधा कृष्ण मंदिर के पीछे स्थित एक कॉलोनी में एक परिवार के 05 सदस्य अपने घर में पानी के बीच में फंस गए. मंगलवार की शाम 06 बजे रेस्क्यू टीम ने इस परिवार को सुरक्षित बचा लिया. 03 दिन की लगातार बारिश की वजह से मकान के आस-पास खाली भूमि पर करीब 04 फीट से अधिक जलभराव हो गया. मंगलवार की दोपहर तेज बारिश से स्थिति सबसे अधिक खराब हुई. शाम करीब 04 बजे एसडीएम के.सी.ठाकुर को परिवार के पानी के बीच मकान में फंसे होने की जानकारी मिली. एसडीएम ने कटंगी पुलिस से संपर्क किया और तत्काल मौके पर बचाव एवं राहत टीम पहुंची. थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले की मौजूदगी में प्रशिक्षित होमगार्ड दिलीप विश्वकर्मा ने परिवार को सकुशल निकाला. मिली जानकारी अनुसार अख्तर अली, साजिदा परवीन, नगमा तबस्सुम, सिमरन अली और फिरदौस अली पानी के बीच अपने घर पर फंस गए थे।

### पुल पर पानी होने के बाद भी बस चलाने पर बस जब्त

**बालाघाट।** बालाघाट लामता मार्ग पर ग्राम मोहगांव के पास नाले के पुल पर पानी होने के बाद भी ड्राइवर द्वारा बस से पुल पार करने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर एसडीएम एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही कर बस क्रमांक MP-50-P-2554 को जब्त कर लामता थाने में खड़ा करा दिया गया है। जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल ने बताया कि इस बस संचालक पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके साथ ही बस चालक अंकित धामड़े का ड्रायविंग लायसेंस निलंबित करने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाल ने सभी पर संचालकों से अपील की है कि वह बाढ़ की स्थिति में पुल-पुलियों पर पानी होने पर उसे कतई पार ना करें और यात्रियों की जान जोखिम में ना डालें। जिले में कहीं पर भी ऐसी स्थिति पाई जाएगी तो बस को जब्त करने के साथ ही बस संचालक पर जुर्माना लगाया जाएगा और बस चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा ।

### जनधन हानि में राहत के प्रकरण शीघ्र तैयार करने के निर्देश

## बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 08 जुलाई को बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी उपस्थित थे। बैठक में वारासिवनी, बैहर, लांजी, किरनापुर, परसवाड़ा एवं कटंगी एसडीएम, सभी तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों से जिले में हुई अतिवृष्टि से जलमग्न एवं जलभराव वाले क्षेत्र की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जल भराव जैसी स्थिति से निपटने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। आमजनों को बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति में सड़क, पुल पुलिया पार करने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा कि नदी तालाबों में नहाने पर सख्ती से रोक लगाए। लोगो को इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि जहां पर भी बारिश से मकान टूट गए हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं उनके एवं जनधन हानि के मामलों में पटवारी के माध्यम से त्वरित सर्वे कराकर राहत राशि के प्रकरण तैयार कर मुआवजा राशि दिलाने की कार्यवाही करे।

### भारी बारिश के कारण स्कूलों का अवकाश आज भी घोषित

**बालाघाट।** जिले में हुई अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, सीबीएसई, नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालयों में दिनांक 09 जुलाई 2025 को विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं मोहम्मद आबिद शेख पिता मोहम्मद खालिक शेख निवासी वार्ड नं. 11 मनेरी फाटक लांजी जिला बालाघाट का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस क्रं. MP5020130108213 में मेरा नाम मोहद आबिद दर्ज है जो कि गलत हैं। जबकि सभी दस्तावेजों में मोहम्मद आबिद शेख हैं जो कि सही व सत्य हैं। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मोहद आबिद के स्थान पर मोहम्मद आबिद शेख सुधार किया जाएं एवं लिखा व पढ़ा जावें।



सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट

ADMISSIONS OPEN 2025-26

AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM

PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)

COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA

COMMERCE
• B.Com • M.Com

NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.

कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111